Satish Chandra Memorial School

हिन्दी (कक्षा –2)

अनुच्छेद - ग्रीष्म ऋतु

ग्रीष्म ऋतु का आगमन वसंत ऋतु के बाद होती है |यह मौसम अप्रैल से जून तक रहता है|इस मौसम में दिन लंबे और रातें छोटी होती है|इस समय में गर्मी अपने चरम सीमा पर होती है, जिसके कारण नदी, तालाब सूखने लगते है | इस मौसम में बच्चों की स्कूल की छुट्टीयां होती है| इस मौसम में अनेक प्रकार के रसीले फल और सब्जियाँ मिलती है |फलों का राजा आम भी इस मौसम में होता हैं, तरबूज ऐसा फल हैं जिनसे हमारे शरीर को गर्मी के मौसम में भरपूर पानी मिलता है और शरीर को ठंडा रखने में मदद मिलती है |इस मौसम में लोग हल्के रंग के

सूती कपड़े पहनते है |इस मौसम में हमें हल्का खाना और ज्यादा पानी पीना चाहिए |